शुभम् भूयात्　　मंगलम् भूयात्　　कल्याणम् भूयात्

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद



वर्ष-16 | अंक 04
अप्रैल 2023

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन

प्रिय युवा साथियों,
सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!

**परम पावन युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी अहमदाबाद में 15 दिनों के सानंद प्रवास के पश्चात सूरत की ओर विहाररत हैं। दिनांक 20 अप्रैल से लगभग 7 मई 2023 तक परम पूज्य आचार्य प्रवर का सूरत एवं उपनगरों में प्रवास निर्धारित है। अभातेयुप के शाखा परिषदों की कड़ी में संगठन की दृष्टि से सबसे बड़ी परिषद् एवं श्रेष्ठ परिषद् के रूप में चयनित सूरत एवं निकटवर्ती सभी परिषदों के साथी पूज्यप्रवर की अगवानी हेतु तत्पर हैं एवं उन्हें सौभाग्य से सेवा–उपासना और महत्वपूर्ण पावन आयोजनों के साक्षी बनने का अच्छा अवसर मिल रहा है। सभी साथी पूज्यप्रवर के पावन सान्निध्य एवं आयोजनों में सहभागिता कर अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास करें।

'युवा वाहिनी' के अन्तर्गत मार्च 2023 में 15 शाखा परिषदों के 588 साथियों को पूज्यप्रवर की यात्रा में सेवा करने और पूज्य सन्निधि का अलभ्य अवसर प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। 12 शाखा परिषदों के साथियों को साधु–साध्वियों की यात्रा में मार्गसेवा के दायित्व निर्वहन का सुअवसर मिला।

मार्च 2023 में 'जैन संस्कार विधि' के अंतर्गत नामकरण, जन्मोत्सव, विवाह संस्कार, गृह प्रवेश, भूमि पूजन, शुभारंभ, वैवाहिक वर्षगांठ आदि से संबंधित 146 कार्यक्रम 52 परिषदों के द्वारा संपादित हुए, जिनमें तेयुप उधना द्वारा माह के सर्वाधिक 18 कार्यक्रम संपादित किये गये।

फरवरी 2023 में 26 शाखा परिषदों द्वारा 37 'नेत्रदान' करवाए गए, जिनमें तेयुप गुवाहाटी एवं तेयुप पूर्वांचल कोलकाता द्वारा माह के सर्वाधिक 4–4 नेत्रदान करवाए गए।

मेगा ब्लड डोनेशन ड्राईव के अन्तर्गत मार्च माह में गुवाहाटी, विजयनगर एवं किशनगढ़ परिषदों द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ। एमबीडीडी से जुड़े कार्यकर्ताओं की एक जूम मींटिग राष्ट्रीय संयोजक श्री हितेश भांडिया एवं सह संयोजक श्री सौरभ पटावरी के नेतृत्व में दिनांक 15 मार्च 2023 को आयोजित की गई। बैठक में हुई चर्चा अनुसार सभी कार्यकर्ताओं की सक्रियता अपेक्षित है। परिषदें एवं कार्यकर्ता एमबीडीडी की गतिविधियों को निरंतर रूप से जारी रखें। देशभर में कहीं भी रक्तदान शिविर आयोजित होता है तो अभातेयुप वेबसाइट के अंतर्गत उसका रजिस्ट्रेशन लाडनूं कार्यालय के माध्यम से नियमित रूप से हो। ब्लड ऑन कॉल को ज्यादा प्रमोट करते हुए परिषदें इस दिशा में विशेष रूप से आगे बढ़ें।

दिनांक 23 मार्च 2023 को अभातेयुप के तत्वावधान एवं तेयुप साउथ कोलकाता के आयोजकत्व में कोलकाता में 'आपदा–विपदा बचाव मोकड्रील' का आयोजन हुआ।

आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर के अंतर्गत दिनांक 26 मार्च 2023 को तेयुप गुवाहाटी ने एटीडीसी एवं डेंटल केयर के शुभांरभ तथा दिनांक 27 मार्च 2023 को तेयुप उधना ने एटीडीसी की पांचवी शाखा एवं डेंटल केयर के शुभांरभ के साथ अभातेयुप की एटीडीसी की श्रृंखला और अपनी–अपनी परिषद् की वार्षिक गति–प्रगति में एक नया अध्याय जोड़ा है। इन सेवा प्रकल्पों के शुभांरभ पर दोनों परिषदों को हार्दिक बधाई।

परम पूज्य आचार्य प्रवर के अहमदाबाद प्रवास के दौरान दिनांक 28 मार्च 2023 को तेयुप अहमदाबाद ने आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल का शुभांरभ किया। केवल छात्राओं के लिये इस प्रकल्प के शुभांरभ पर तेयुप अहमदाबाद की पूरी टीम को हार्दिक बधाई।

इस माह दिनांक 03 अप्रैल 2023 को हमने भगवान महावीर की 2622वीं जन्म जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर प्रभु महावीर को शत्–शत् नमन। भगवान महावीर अहिंसा, प्रेम, मैत्री और करुणा के पावन संदेश प्रदाता थे। अपेक्षा है उनके संदेशों को आत्मसात करने का प्रयास करें।

इस माह दिनांक 16 अप्रैल 2023 को परम पूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी का 14वां महाप्रयाण दिवस है। अभातेयुप और सम्पूर्ण युवाशक्ति को उनकी असीम कृपादृष्टि और आशीर्वाद प्राप्त होता रहा। मैं इस अवसर पर उनके पावन स्मरण के

साथ उन्हें सादर श्रद्धा सुमन समर्पित करता हूं। उनकी प्रेरणाएं और शिक्षाएं सदैव युवाशक्ति का पथ प्रदर्शित करती रहेंगी।
दिनांक 23 अप्रैल 2023 को अक्षय तृतीया का पावन अवसर है। अक्षय तृतीया के दिन अनेक तपस्वी भाई-बहिनें वर्षीतप का पारणा करते हैं। इस वर्ष परम पूज्य गुरूदेव के सान्निध्य में 1111 तपस्वी भाई-बहिनें वर्षीतप का पारणा करेंगे, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक अवसर होगा। मैं वर्षीतप का पारणा करने वाले सभी तपस्वीगण के प्रति आध्यात्मिक मंगलकामनाएं सम्प्रेषित करता हूं।
परम सौभाग्य का विषय है कि दिनांक 29 अप्रैल 2023 को युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के 62वें जन्मोत्सव, दिनांक 30 अप्रैल 2023 को 14वें पदाभिषेक दिवस एवं दिनांक 04 मई 2023 को 50वें दीक्षा दिवस के भव्य कार्यक्रम पूज्यप्रवर के पावन सान्निध्य में सूरत में आयोजित हो रहे हैं। इन तीनों पावन अवसरों पर मैं अभातेयुप के माध्यम से तेरापंथ धर्मसंघ की सम्पूर्ण युवाशक्ति की ओर से परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी को श्रद्धासिक्त वंदन करते हुए उनका सादर अभिनंदन करता हूं।
परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के अनुग्रह से उनके दीक्षा दिवस को अभातेयुप प्रतिवर्ष 'युवा दिवस' के रूप में आयोजित कर धन्यता की अनुभूति करती है। सौभाग्य से इस वर्ष दिनांक 04 मई 2023 को सूरत में युवा दिवस के आयोजन के साथ परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण वर्ष का शुभारंभ हो रहा है। इस पावन अवसर पर अभातेयुप द्वारा 'चलो सूरत' थीम के अंतर्गत सभी परिषदों के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को उस दिन सूरत में उपस्थित होकर अपने आराध्य की अभिवंदना करने का आह्वावान किया जा रहा है। इस अवसर पर अभातेयुप द्वारा सूरत में दिनांक 03 मई 2023 को मेरे महाश्रमण भगवान प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें देशभर की शाखा परिषदों के माध्यम से प्राप्त आचार्यश्री महाश्रमणजी के जीवन प्रसंगों से संबंधित चयनित कलाकृतियां शामिल की जाएगी। दिनांक 04 मई को वृहद् युवा रैली, सामूहिक दर्शन, अभिवंदना आदि कार्यक्रम आयोजित है, जिनमें युवा साथियों की सहभागिता अपेक्षित है।
अभातेयुप के अंतर्गत सभी शाखा परिषदें दिनांक 04 मई 2023 को प्रात: 6.00 बजे से दिनांक 05 मई 2023 को प्रात: 6.00 बजे तक ऊँ ह्रीं श्रीं महाश्रमण गुरवे नम: का अखण्ड जप, प्रवचन कार्यक्रम में अभिवंदना कार्यक्रम एवं दिनांक 4-7 मई 2023 के मध्य स्थानीय अनुकूलता अनुसार महाश्रमणोस्तु मंगलम् 2.0 शीर्षक से भव्य भक्ति संध्या का आयोजन करें। 50 वें दीक्षा दिवस पर 50 दिन तक अधिकाधिक साथी जमीकंद त्याग एवं तपोयज्ञ के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के डिजिटल त्याग का संकल्प ग्रहण करें।
अभातेयुप द्वारा शाखा परिषदों के लिए स्वीकृत विधान एवं नियमोपनियम के अनुसार सभी शाखा परिषदों के लिए दिनांक 15 मई से 15 जून के मध्य चुनाव/मनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाना अनिवार्य है। चुनाव/मनाव प्रक्रिया के सन्दर्भ में संवैधानिक दिशा-निर्देश सभी शाखा परिषदों के ध्यानार्थ पूर्व पाथेय में जारी किए गये एवं इस अंक में भी जारी किये जा रहे हैं। सभी शाखा परिषदों के अध्यक्ष/मंत्री महोदय से निवेदन है अभातेयुप के दिशा-निर्देशों एवं विधान की अनुपालना करते हुए इस दिशा में विशेष जागरूकता रखते हुए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समयबद्ध रूप से चुनाव/मनाव प्रक्रिया प्रारंभ करें और गरिमा के साथ चुनाव/मनाव संपन्न करवाएं।
युवा संगम निर्देशिका को युवा शक्ति निर्देशिका के नये नाम के साथ डेटा कलेक्शन का कार्य पुन: प्रारंभ किया गया है। परिषदों के अध्यक्ष एवं मंत्री को इसका एक लिंक शेयर किया गया है। समस्त शाखा परिषदें अपनी शाखा के सभी युवाओं और किशोरों का नवीन लिंक के माध्यम से फार्म भरवाकर अभातेयुप को डेटा शीघ्र प्रेषित करें।
मेरा अनुरोध है कि अभातेयुप के सभी साथी, सभी शाखा परिषदें एवं समस्त युवा शक्ति अभातेयुप के सभी उपक्रमों में अपनी कर्मजा शक्ति को नियोजित करते हुए संगठन के विकास एवं धर्मसंघ की प्रभावना में योगभूत बनते रहें।
सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ-

सदैव आपकी सेवा में-

**सदैव आपकी सेवा में**

पंकज डागा

**पंकज डागा**
**अध्यक्ष**

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/ jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण abtypsecretary@gmail.com पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के खाते **(Punjab National Bank)** में जमा करावें। रसीद की प्रतिलिपि केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं में भिजवाएं।

Account Name: **AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Bank Name | : | Punjab National Bank | Branch | : | Ladnun (Raj.) |
| Account No. | : | 10272010002800 | IFSC Code | : | PUNB0102710 |

- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

## चुनाव सम्बन्धी सूचना

तेरापंथ युवक परिषद् की सभी शाखाओं में संविधान के अनुसार दिनांक 15 मई से 15 जून तक चुनाव/मनाव करवाने अनिवार्य हैं। समस्त शाखा प्रभारी तेरापंथ युवक परिषद् की कार्यसमिति द्वारा चयनित चुनाव अधिकारी नाम, मोबाईल नम्बर एवं मेल ID संगठन मंत्री को प्रेषित करें। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् सभी परिषदों में संविधान सम्मत चुनाव/मनाव सुनिश्चित करने हेतु आह्वान करती है।

**श्रेयाँस कोठारी, संगठन मंत्री**

**9772189080/cooljoy4u@yahoo.co.in**

### अध्यक्ष निर्वाचन प्रणाली

(1) कार्यसमिति की बैठक में चुनाव अधिकारी के नाम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू मानी जायेगी।

(2) अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(3) नवगठित शाखा परिषद् के अध्यक्ष का कार्यकाल 15 माह तक हो सकता है। 15 मार्च के पश्चात यदि परिषद् का गठन हो तो उस वर्ष में मई–जून माह की बजाय अगले वर्ष के मई–जून माह में चुनाव कराए जा सकते हैं। तत्पश्चात अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(4) अध्यक्ष का चुनाव साधारण सदन में बहुमत के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।

(5) अध्यक्ष पद पर कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक नहीं रह सकेगा।

(6) अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का व्यसन मुक्त होना आवश्यक है।

**(7) 31 मार्च तक प्राप्त सदस्यता आवेदन पत्र को 7 अप्रैल तक कार्यसमिति की बैठक आयोजित करवाकर प्राप्त आवेदन पत्र को पारित करवाना होगा। उक्त कार्यसमिति की बैठक तक बने हुए सदस्यों को ही मतदान का अधिकार होगा।**

**लेकिन 31 मार्च के बाद भी किसी का सदस्यता हेतु सदस्यता आवेदन पत्र परिषद् को प्राप्त होता है तो उसको कार्यसमिति बैठक में पारित किया जा सकता है परन्तु उस सदस्य को साधारण सदन में वोटिंग का अधिकार नहीं रहेगा।**

(8) शाखा परिषद् के सदस्य ही नामांकन पत्र (प्रारूप परिशिष्ट) में प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकते हैं लेकिन वर्तमान अध्यक्ष आगामी कार्यकाल हेतु आवेदित अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं होगा।

(9) अध्यक्ष पद हेतु एक सदस्य केवल एक ही व्यक्ति के नाम का प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकता है।

(10) 31 से अधिक सदस्यों वाली परिषद् में अध्यक्ष पद के नामांकन हेतु कम से कम 5 प्रस्तावक व 5 अनुमोदक अनिवार्य रूप से होने चाहिये।

(11) नवगठित शाखा परिषद् के अतिरिक्त अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को स्थानीय परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कम से कम दो कार्यकाल अथवा पदाधिकारी के रूप में एक कार्यकाल का अनुभव होना आवश्यक है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्राप्त अनुभव मान्य नहीं होगा।

(12) साधारण सभा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा उनका नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा पर सर्वसम्मत नाम वाले प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं हैं, किन्तु प्रत्याशी की लिखित स्वीकृति अनिवार्य है।

(13) अध्यक्ष के चुनाव करवाने हेतु कार्यसमिति द्वारा एक चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। चुनाव अधिकारी का तेरापंथी होना आवश्यक होगा।

(14) बंद लिफाफे पर नामांकन पत्र अंकित कर उसे चुनाव अधिकारी के कार्यालय या अन्य निर्धारित स्थान पर प्रस्तुत करना होगा। नामांकन पत्र के साथ शाखा परिषद् सदस्यता क्रमांक, जन्म तारीख का प्रमाण (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपी लगाना अनिवार्य है। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा।

(15) अध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व सायं 5 बजे तक प्राप्त नामांकन पत्र ही मान्य होंगे। नामांकन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निर्वाचन की तिथि के बीच पूरे तीन दिन का अंतराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 6 तारीख होगी।

नामांकन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेज के साथ अन्य दस्तावेज जांच के समय अगर चुनाव अधिकारी द्वारा ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा जाये तो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा। अथवा चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय ले सकेगा।

चुनाव अधिकारी को नामांकन पत्रों की जांच करके अगले दिन सायं 5 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की सूची परिषद् के अधिकृत सूचना पट्ट पर अंकित करनी होगी।

(16) अध्यक्ष पद का उम्मीदवार चुनाव प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक अपना नाम वापिस ले सकता है। निर्वाचन दिवस एवं नामांकन वापिस लेने के बीच पूरे एक दिन का अन्तराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 8 तारीख होगी।

नामांकन पत्र वापस लेने के समय के पश्चात शेष प्रत्याशियों का मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से मतदान होगा।

(17) अध्यक्ष पद हेतु निर्धारित अवधि तक किसी नाम का प्रस्ताव नहीं आता है तो चुनाव अधिकारी को अधिकार होगा कि साधारण सभा में अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव मांगकर एवं अनुमोदित करवाकर निर्वाचन सम्पन्न करें।

(18) अध्यक्ष के चुनाव के लिए यदि मतदान की आवश्यकता हो तो चुनाव गुप्त मतदान प्रणाली कराया जाएगा।

(19) साधारण सभा की बैठक में कार्य सूची के अन्तर्गत ही अध्यक्ष पद के चुनाव सम्पन्न कराए जायेंगे चुनाव के लिए अलग से कोई अवधि निर्धारित नहीं की जा सकती है।

(20) चुनाव सम्बन्धित विशेष परिस्थिति में चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय देगा, वह निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

(21) किसी सदस्य की उम्र चुनाव तिथि को 45 वर्ष हो गई है तो उसको वोट देने का अधिकार नहीं होगा तथा वह सदस्य आगामी कार्यसमिति का सदस्य व परिषद् द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम का संयोजक व सहसंयोजक नहीं बन सकेगा।

(22) चुनाव अधिकारी को शाखा परिषद् की ओर से अध्यक्ष/मंत्री हस्ताक्षरित सुपुर्द सदस्यता सूची के संदर्भ में अगर किसी सदस्य का नाम उस सदस्यता सूची में नहीं है और वह सदस्य शाखा परिषद् का सदस्य होने का दावा करता है तो उस स्थिति में उस सदस्य को शाखा परिषद् की सदस्यता से सम्बन्धित दस्तावेजों को चुनाव अधिकारी को प्रेषित करना होगा। चुनाव अधिकारी प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करेगा। जांच में सही पाये जाने पर चुनाव अधिकारी उस सदस्य को साधारण सदन में वोट देने का अधिकार देगा तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उन सदस्यों की सूची दे दी जायेगी।

(23) कार्यसमिति बैठक में चुनाव अधिकारी की नियुक्ति उपरान्त चुनाव अधिकारी मनोनयन पत्र पर चुनाव अधिकारी की स्वीकृति प्राप्तकर सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी को बैठक के उपरान्त 7 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से देनी होगी।

शाखा परिषद् के 5 सदस्य मिलकर चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवाकर तय स्थान से प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रपत्र मान्य व स्वीकार्य होंगे।

(24) मतदान के समय सभी सदस्यों को अपना पहचान पत्र अवश्य साथ लाना होगा। सदस्य के पहचान पत्र व शाखा परिषद् की सदस्यता सूची में अंकित जन्मतिथि में भिन्नता पाये जाने पर सदस्य के ओरिजनल दस्तावेज पर अंकित जन्मतिथि को चुनाव अधिकारी द्वारा वरीयता दी जायेगी।

# नामांकन पत्र

सेवा में
निर्वाचन अधिकारी
तेरापंथ युवक परिषद्, .............................

## प्रस्ताव

हम तेरापंथ युवक परिषद्, ........... के सत्र ............ के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री .......................सुपुत्र श्री ....................... का नाम प्रस्तावित करते हैं।

| | प्रस्तावक का नाम | प्रस्तावक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | ............................................................ | ...................... |
| 2. | ............................................................ | ...................... |
| 3. | ............................................................ | ...................... |
| 4. | ............................................................ | ...................... |
| 5. | ............................................................ | ...................... |

## अनुमोदन

हम तेरापंथ युवक परिषद्, ........... के सत्र ............ के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री .......................सुपुत्र श्री ....................... के नाम के उपरोक्त प्रस्ताव की अनुमोदना करते हैं।

| | अनुमोदक का नाम | अनुमोदक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | ............................................................ | ...................... |
| 2. | ............................................................ | ...................... |
| 3. | ............................................................ | ...................... |
| 4. | ............................................................ | ...................... |
| 5. | ............................................................ | ...................... |

## स्वीकृति

मैं ............................................... सुपुत्र श्री ......................... तेरापंथ युवक परिषद्, ......... के सत्र ............ के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान करता हूँ। मैंने वर्ष ....... एवं ....... में तेरापंथ युवक परिषद् .......... के कार्यसमिति में (कम से कम दो पूर्ण कार्यकाल) अथवा वर्ष में .......... पद (कम से कम एक पूर्ण कार्यकाल) के दायित्व निर्वहन किया है। मेरी जन्म तारीख ......... (दिनांक) ........... (महीना) ............ (वर्ष) है। जन्म तारीख प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की प्रतिलिपि संलग्न है।

मैं यह सत्यापित करता हूँ कि मुझे जैन धर्म एवं तेरापंथ सम्प्रदाय की सामान्य जानकारी है तथा मैं सम्पूर्ण रूप से व्यसन मुक्त हूँ।

**उम्मीदवार का पता एवं मोबाईल नं :** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**निर्वाचन अधिकारी का नाम व पता** : ........................................................................

**निर्वाचन अधिकारी की टिप्पणी**

जाँच दिनांक ............................................... नामांकन पत्र वैध/अवैध है।
अवैध घोषित करने के कारण : ................................................................

**नोटः 31 सदस्यों तक की शाखा परिषदों के लिए एक प्रस्तावक एवं एक अनुमोदक की आवश्यकता है।**

**आचार्य श्री महाश्रमण**
**दीक्षा कल्याण महोत्सव**
**युवा दिवस (4 मई 2023)**

युवा दिवस
50 वाँ दीक्षा दिवस | 4 मई 2023



**सम्माननीय अध्यक्ष/मंत्री महोदय,**

**सादर जय जिनेन्द्र**

युगप्रधान परमपूज्य गुरूदेव की कृपा से आप सभी कुशल मंगल होंगे तथा आपके प्रति आध्यात्मिक मंगलकामनाएँ। आपके क्षेत्र में विराजित चारित्रात्माओं के चरणों में सविधि वंदना अर्ज करवायें एवं सुखसाता पुछवायें।

परमपूज्य आचार्य श्री महाश्रमणजी के दीक्षा दिवस को हम ''युवा दिवस'' के रूप में प्रतिवर्ष मनाते आ रहे हैं। पूज्यप्रवर का दीक्षा दिवस (तिथि) इस वर्ष दिनांक 04 मई 2023 को है। तत्समय पूज्यप्रवर का प्रवास सूरत में रहेगा। गुरूदेव का यह दीक्षा दिवस हमारे लिये विशेष है क्योंकि इस वर्ष गुरूदेव का 50वां दीक्षा दिवस है।

हमारे पावन प्रेरणा स्त्रोत युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव वर्ष का शुभारंभ इस युवा दिवस से हो रहा है, इसलिये हम सबको मिलकर इस दीक्षा दिवस को महोत्सव के रूप में मनाना है और भारत सहित नेपाल के सभी क्षेत्रो में इसको गुंजायमान करना है।

इसी आयोजन हेतु केन्द्र से दिशानिर्देश आपको प्रेषित किये जा रहे है। आप सभी से अनुरोध है कि केन्द्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में आपकी परिषद की सहभागिता एवं स्थानीय स्तर पर निर्देशित कार्यक्रमो को आयोजित करवाकर प्रत्येक क्षेत्र पूज्यप्रवर की अभिवंदना में सहभागी अवश्य बनें। ताकि हम सभी मिलकर हमारे आराध्य के 50वें दीक्षा दिवस की गुंज को विश्वपटल पर अंकित कर सकें तथा सम्पूर्ण श्रावक समाज के मन में गुरुभक्ति की अलख जगा सकें।

इसी आशा एवं विश्वास के साथ।

सेवा संस्कार संगठन

आचार्य श्री महाश्रमण
दीक्षा कल्याण महोत्सव
युवा दिवस (4 मई 2023)

# केन्द्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम

युवा दिवस
50 वाँ दीक्षा दिवस | 4 मई 2023

मेरे महाश्रमण भगवान
ART EXHIBITION

1. **मेरे महाश्रमण भगवान प्रदर्शनी:** दिनांक 03 मई 2023 को भारत व नेपाल की परिषदों के माध्यम से 'मेरे महाश्रमण भगवान' कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी के अन्तर्गत प्राप्त कलाकृतियों की प्रदर्शनी पूज्यप्रवर के प्रवास स्थल तेरापंथ भवन सिटीलाईट सूरत पर लगाई जायेगी।
2. **प्रभात दर्शन:** दिनांक 04 मई 2023 को लगभग प्रातः 4 बजे पूज्यप्रवर के प्रवास स्थल पर युवाओं व किशोरों द्वारा सामूहिक दर्शन, वंदना, मंगलकामनाएं व पूज्यप्रवर से मंगलपाठ।
3. **वृहद् युवा रैली:** दिनांक 04 मई 2023 को वृहद् युवा रैली का आयोजन पूज्यप्रवर के विहार के समय रहेगा, जिस दौरान विभिन्न आकर्षक झांकियां विहार रूट पर रहेगी। उक्त रैली का समापन प्रवचन पांडाल (सरसाना डोम, सूरत) मे होगा।
4. **मुख्य कार्यक्रम:** दिनांक 04 मई 2023 को प्रवचन के समय देशभर से पधारे युवाओं व किशोरों द्वारा पूज्यप्रवर की सामूहिक अभिवंदना कर मंगलकामनाएं प्रेषित की जायेगी।

चलो सूरत
— 4 मई 2023 —

परिषद् से अनुरोध है कि केन्द्रीय स्तर पर पूज्यप्रवर के प्रवास स्थल पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में आपकी परिषद् से अधिक से अधिक युवा साथी उपस्थित रहकर हम सभी के आराध्य की सामुहिक अभिवंदना में सहभागी अवश्य बनें तथा अधिक से अधिक संख्या में ''चलो सूरत'' थीम का प्रचार-प्रसार कर सलक्ष्य परिषद् की सहभागिता का प्रयास करें। केन्द्रीय कार्यक्रम में परिषद् की उपस्थिति की संख्या को पुर्व में रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, जिससे कि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से हो सके। जिन परिषदों को आवास की अपेक्षा रहेगी उन्हें सशुल्क आवास प्रदान किया जायेगा।

आवास हेतु सम्पर्क सूत्र :

1. **सुशील सुराना** - +91 93770 09043,
2. **अमित सेखानी-** +91 70166 49622
3. **गौतम दफ्तरी** - +91 79900 72383

***ध्यानार्थ :-*** अभातेयुप के पास उपलब्ध परिषद् की संख्या केटेगरी के आधार पर, जिस परिषद् की उपस्थिति का प्रतिशत अधिक होगा, उन्हे अभातेयुप द्वारा बोनस अंक प्रदान किये जायेंगे।

# परिषद् द्वारा स्थानीय स्तर पर करणीय कार्य

## 1

Managed by:

मेरे महाश्रमण भगवान
ART COMPETITION CUM EXHIBITION

**मयंक धाकड**
मो. 9867837260

**उत्सव मेहता**
मो. 8128860871

तेरापंथ किशोर मंडल

**दिशा निर्देश:**

1. इस प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का विषय (थीम) आचार्य श्री महाश्रमण जी रहेगा, जिसमें उनके जीवन व प्रसंगो से संबंधित कलाकृतियां बनाई जा सकती है।
2. उक्त प्रतियोगिता में सभी प्रकार की पेटिंग, स्केचिंग, केलीग्राफी, क्राट, रेसीन, होलोग्राम की कलाकृतियां बनाई जा सकती हैं।
3. उक्त प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार की मूर्ति कला सम्मिलित नही रहेगी।
4. कलाकृतियां किसी भी आकार की बनाई जा सकती है, किन्तु ध्यान रहे कि वह सुगमता से सूरत भेजी जा सके।
5. उक्त प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के तेरापंथी श्रावक-श्राविकाएं भाग ले सकते हैं।
6. कलाकृतियां स्थानीय परिषद् को जमा करवाने की अंतिम तिथि 18 अप्रेल 2023 रहेगी।
7. कलाकृतियों की स्थानीय स्तर पर प्रदर्शनी की जा सकती है। (वैकल्पिक)
8. परिषद् यह सुनिश्चित करे कि सभी जमा की गई कलाकृतियां दिनांक 24 अप्रेल 2023 के पूर्व सूरत में नीचे उल्लेखित पते पर पहुंच जाये।
   ***सूरत का पोस्टल एड्रेस :*** तेरापंथ भवन सिटी लाईट सुरत गुजरात पिनकोड 395007
   ***सम्पर्क सूत्र :*** संयम आंचलिया मों. 9737920957, सचिन चण्डालिया मो. 9898008548
9. सुरत भेजी गई कलाकृतियों की लिस्ट एवं फोटो पी.डी.एफ. बनाकर परिषदे, मयंक धाकड मों. 9867837260 पर व्हाट्सअप करे।

**परिषद् मूल्यांकन : 100 अंक**

आचार्य श्री महाश्रमण
दीक्षा कल्याण महोत्सव
युवा दिवस (4 मई 2023)

युवा दिवस
50 वाँ दीक्षा दिवस | 4 मई 2023

## 2

# जप

Managed by:
मैं हूँ सामायिक साधक

**जितेश पोखरणा**
मो. 9001009101

**राकेश दक**
मों. 9916949115

**दिशा निर्देश :**

1. युवा दिवस के पावन अवसर पर युवाओं व किशोरों द्वारा दिनांक 04 मई 2023 को देपहर 12 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक जप का क्रम रहेगा।
2. प्रत्येक परिषद् जप में उपरोक्त उल्लेखित नम्बरो से सम्पर्क कर जप के समय को बुक कर सकती है।
3. सामायिक के साथ जप का क्रम रहेगा।

**मंत्र :- ऊँ ह्रीं श्रीं महाश्रमण गुरवे नमः**

**परिषद् मूल्यांकन :- 100 अंक**

## 3

महाश्रमणोस्तु मंगलम् 2.0

Managed by:
सरगम

**सुनिल चंडालिया**
मो. 9328598997

**प्रसन्न पामेचा**
मो. 9967259153

**दिशा निर्देश :**

1 परिषद् स्थानीय अनुकूलता अनुसार दिनांक 4 मई से 7 मई 2023 की अवधि में महाश्रमणोस्तु मंगलम् भव्य भक्ति संध्या का आयोजन करें।

2 एकरूपता की दृष्टि से भव्य भक्ति संध्या हेतु बैनर की डिजाईन आपको केन्द्र द्वारा प्रेषित की जायेगी, उसका उपयोग करें।

3 ख्याति प्राप्त संघीय गायक कलाकारों को आमंत्रित कर भक्ति संध्या का आयोजन किया जा सकता है। भव्य भक्ति संध्या में उन्हें आमंत्रित करने हेतु आप सरगम के राष्ट्रीय प्रभारी या राष्ट्रीय सहप्रभारी से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

4 स्थानीय भजन मंडली या स्थानीय संगीत प्रतिभाओं या स्थानीय गायकों के माध्यम से भी भक्ति संध्या का आयोजन किया जा सकता है।

5 भव्य भक्ति संध्या में युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी से संबंधित गीत अथवा उनके द्वारा रचित गीत के संगान का ज्यादा से ज्यादा प्रयास रहे।

6 धर्मसंघ के कुछ विशेष संघीय गीतों का संकलन आपको केन्द्र द्वारा उपलबध करवाया जायेगा, जिसका संगान हमें भव्य भक्ति संध्या में करना है।

7. कार्यक्रम के पश्चात उस आयोजन के 4 फोटो, सानिध्य और संख्या अपने शाखा प्रभारी अथवा सरगम की टीम को अपना रिपोटिंग भेज देवे, ताकि उचित मूल्यांकन हो सके..

**परिषद् मुल्यांकन :- 300 अंक**

## 4

# आध्यात्मिक भेंट/ जमीकंद त्याग

Managed by:
तपोयज्ञ

**दीपक रांका**
मो. 9879139851

**सुर्यप्रकाश डागा**
मो. 9433002831

**दिशा निर्देश :**

1. 50 दिन के लिए जमीकंद का त्याग करना है।
2. निर्धारित जमीकंद आलु, प्याज, लहसुन, गाजर, मुली, शकरकन्द में से आपकी सुविधानुसार एक या अधिक जमीकंद का त्याग किया जा सकेगा।
3. त्याग के लिए लिंक भरना आवश्यक होगी, जो आपको शीघ्र ही प्रेषित की जायेगी।

**परिषद् मुल्यांकन :- 100 अंक**

आचार्य श्री महाश्रमण
दीक्षा कल्याण महोत्सव
युवा दिवस (4 मई 2023)

# नेशनल टीम

युवा दिवस
50 वाँ दीक्षा दिवस | 4 मई 2023

**नेपाल**
जीनेन्द्र नौलखा
+977 9852027081

**पंजाब**
पवन नौलखा
+91 85670 66061

**हरियाणा**
देवेंद्र डागा
+91 94167 59001
+91 94162 86152

**दिल्ली एनसीआर**
विकास सुराणा
+91 98118 91097

**बिहार, यूपी और झारखंड**
सिद्धार्थ चौरड़िया
+91 77799 73802

**ओडिशा**
गौतम जैन
+91 99370 34425
विकास जैन
+91 99375 26636

**कोलकाता**
प्रवीण सिंघी
+91 98311 50608

**शेष पश्चिम बंगाल**
दीपक बोथरा
+91 98325 08001

**असम, त्रिपुरा, मेघालय**
हितेश चोपड़ा
+91 93653 68462

**आंध्रप्रदेश और तेलंगाना**
ऋषभ सुराणा
+91 99484 46962

**बैंगलुरू**
राकेश दक
+91 99375 26636

**शेष कर्नाटक**
अमित दक
+91 96206 96106

**तमिलनाडु और केरल**
संतोष सेठिया
+91 90433 94568

**शेष महाराष्ट्र**
मनोज संकलेचा
+91 98222 74374

**मुंबई**
जितेंद्र परमार
+91 97573 98219
विकास कोठारी
+91 98929 47168
कमलेश भंसाली
+91 90299 11109
गौतम भंडारी
+91 98679 35201

**म.प्र. और छ.ग.**
पुनीत भंडारी
+91 98935 22118

**मेवाड़**
जितेश पोखरना
+91 90010 09101

**मारवाड़**
हितेश कोठारी
+91 98286 66772

**थली**
सतीश पुगलिया
+91 94142 33944

**अहमदाबाद**
अरविंद संकलेचा
+91 94296 28380

**गुजरात क्लस्टर 1**
(वापी, वलसाड, डूंगरी, चिखली)
संजय भंडारी
+91 79903 76165, +91 99988 59213

**गुजरात क्लस्टर 2**
(उधना, सचिन, नवसारी, बारडोली,व्यारा)
ज्ञान दुगड़
+91 91734 65200

**गुजरात क्लस्टर 3**
(पर्वतपाटिया, चलथान, लिंबायत, कामरेज, किम)
अरुण चंडालिया
+91 70164 30143

**गुजरात क्लस्टर 4**
(वडोदरा, अमराईवाड़ी, खेड़ा)
दीपक श्रीमाल
+91 93746 74694

**गुजरात क्लस्टर 5**
(भुज, दीसा, गांधीधाम)
पंकज डांगी
+91 88492 58373, +91 99740 78759

अभातेयुप
सेवा संस्कार संगठन

## अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद

**तरीन मेहता**
राष्ट्रीय संयोजक
+91 9893218000

**अमित सेठिया**
राष्ट्रीय सह-संयोजक
+91 9824300012

पंजीकृत कार्यालय : ''युवालोक'', जैन विश्वभारती परिसर, लाडनूं - 341 306 (राजस्थान) E-mail: abtypladnunoffice@gmail.com
प्रशासनिक कार्यालय : ''अणुव्रत भवन'', 210-दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, तीसरी मंजिल, नई दिल्ली - 110 002

नूतन चिंतन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ।

ABTYP MOBILE APP | GET IT ON Google Play | www.abtyp.org | /abtypofficial
Society Registration: 588/83-84 Dt. 30/03/1984. NGO Unique ID: RJ/2017/0116537


संतुलन ही सामायिक है। अध्यात्म का पहला सोपान है–सामायिक। कहते हैं कि साधना के क्षेत्र में सर्वाधिक मूल्य किसी का है तो वो है ''समता'' और ''समता की साधना'' का उत्तम मार्ग सामायिक है। सम+आयिक=सामायिक, यानि जहां समता की आय हो, समता का लाभ हो। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **मैं हूँ सामायिक साधक** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है।

विश्व मैत्री और जैन एकता को प्रगाढ़ करने हेतु पूरे विश्व में नववर्ष के प्रथम रविवार एक दिन एक समय एक साथ एक सामायिक का आयोजन किया जाता है।

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| **जितेश पोखरणा, 9001009101** | **राकेश दक, 9916949115** |

**''तपस्या का महायज्ञ–तपोयज्ञ''**। यह उपक्रम गुरुदेव को समर्पित है। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। सभी शाखा परिषदें अधिक से अधिक संकल्पित होकर तन, मन व आत्मा के कल्याणकारी महायज्ञ में सहभागिता सुनिश्चित करे।


| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| **दीपक रांका, 9879139851** | **सूर्यप्रकाश डागा, 9433002831** |


















PERSONALITY
DEVELOPMENT WORKSHOP

